WEATHER FORECAST | मौसम की जानकारी | आज का राशिफल | SHARE MARKET

छत्तीसगढ़
Chhattisgarh

लाइव | राज्य | भारत | चैंपियन | मनोरंजन | लाइफ़स्टाइल | सुखीभवः | धर्म | बिजनेस खबरें

ETV Bharat / State

# जेल की दीवारों के पार उम्मीद की बुनाई, रायपुर पहुंचा राजस्थान के बंदियों और ग्रामीण महिलाओं का 'मनचाहा' कारपेट कलेक्शन - CARPET COLLECTION OF PRISONERS

***जिन कलाकारों के कारपेट्स विशेष पहचान बनाते हैं, उन्हें सम्मान स्वरूप मकान, सोने की चूड़ियां, या अन्य जरूरी चीजें दी जाती हैं.***



*मनचाहा कारपेट कलेक्शन (ETV Bharat Chhattisgarh)*

3 Min Read

By ETV Bharat Chhattisgarh Team
Published : June 28, 2025 at 7:42 AM IST

**रायपुर**: छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के लिए अब सजावट की चीज नहीं, बल्कि एक कहानी बुनने वाला कारपेट भी उपलब्ध है. वह भी ऐसा कारपेट जो जेल की दीवारों के भीतर बंदियों की उम्मीदों से बुना गया है, और ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है. राजस्थान के जयपुर रग्स के निर्मित इन हस्तनिर्मित

कालीनों की कीमत 40 हजार से शुरू होकर 20 लाख रुपये तक जाती है.

जयपुर रग्स के संस्थापक एनके चौधरी और निदेशक योगेश चौधरी ने रायपुर में जानकारी दी कि इन कारपेट्स को राजस्थान की जेलों में बंद बंदी अपने हाथों से तैयार करते हैं, जिनसे उनकी आमदनी होती है और वे अपने परिवार की आर्थिक मदद कर पा रहे हैं.

जेल की दीवारों के पार उम्मीद की बुनाई, रायपुर पहुंचा ...
ETVBHARAT

6:04

*मनचाहा कारपेट कलेक्शन (ETV Bharat Chhattisgarh)*

**जेल से आज़ादी की ओर 'मनचाहा' रास्ता:** एनके चौधरी बताते हैं कि जयपुर जेल के डीआईजी के आग्रह पर एक बार उन्होंने जेल में कालीन निर्माण की शुरुआत की. "जैसे गांव की महिलाओं के चेहरे पर खुशी देखी, वैसी ही खुशी जेल में बंद कैदियों के चेहरों पर दिखी."



*बंदियों और ग्रामीण महिलाओं ने बनाए खूबसूरत कारपेट (ETV Bharat Chhattisgarh)*

**फ्रीडम कलेक्शन की पहचान:** जेल में प्रशिक्षण देकर बंदियों को कालीन बुनने की कला सिखाई जाती है. सभी बंदियों के बैंक खाते होते हैं, और उनकी मेहनत की कमाई सीधे उनके परिजनों तक पहुंचाई जाती है. इस प्रक्रिया ने कई परिवारों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया है. इस फ्रीडम कलेक्शन की पहचान के लिए कालीन के बॉर्डर पर काले और सफेद धागे से विशेष चिन्ह लगाए जाते हैं, और उस पर संबंधित जेल और कलाकार का नाम अंकित किया जाता है.

*जयपुर रग्स का हस्तनिर्मित कारपेट (ETV Bharat Chhattisgarh)*

**'मनचाहा' कैद नहीं, कल्पना की उड़ान:**जयपुर रग्स के सबसे अनोखे कलेक्शन का नाम है – "मनचाहा". इसमें कारीगरों को डिजाइन या पैटर्न नहीं दिए जाते, वे जो महसूस करते हैं, वही बुनते हैं. यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सजीव उदाहरण है.

*जेलों में बंद बंदियों और गरीब महिलाओं को मिलती है आर्थिक मदद (ETV Bharat Chhattisgarh)*

निदेशक योगेश चौधरी बताते हैं "आज मनचाहा कलेक्शन को देश-विदेश में 20 से ज्यादा पुरस्कार मिल चुके हैं. इसे ग्रामीण महिलाएं अपने घरों में बच्चों की देखभाल करते हुए, खाली समय में बुनती हैं. यही नहीं, जिन कलाकारों के कारपेट्स विशेष पहचान बनाते हैं, उन्हें सम्मान स्वरूप मकान, सोने की चूड़ियां, या अन्य जरूरी चीजें दी जाती हैं."

रायपुर बना नया ठिकाना: जयपुर रग्स के निदेशक ने बताया कि देशभर में उनके शोरूम हैं और वहां छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंचते थे. रिसर्च के बाद जब उन्होंने रायपुर के तेजी से बढ़ते बाजार को देखा, तो तय किया कि अब जयपुर रग्स रायपुर भी पहुंचेगा.

*बंदी और ग्रामीण महिलाएं अपनी मर्जी से बनाती है डिजाइन (ETV Bharat Chhattisgarh)*

**हस्तशिल्प, पुनर्वास और संवेदना का संगम:**यह सिर्फ एक व्यापार नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभियान है. जहां जेलों को सुधारगृह की असली परिभाषा मिल रही है और घरों की चारदीवारी में रह रहीं महिलाओं के हाथों की कला आज दुनिया के सबसे महंगे घरों में पहुंच रही हैं.

*बंदी और ग्रामीण महिलाएं अपनी मर्जी से बनाती है डिजाइन (ETV Bharat Chhattisgarh)*

[पेंग और तुपकी से दी गई सलामी, बस्तर में मनाया गया श्री गोंचा पर्व](#)

[कोरबा में काढ़ा पीकर स्वस्थ हुए महाप्रभु जगन्नाथ, पहुंचे अपनी मौसी के घर](#)

[तोर संग मया लागे से बढ़ा छॉलीवुड का क्रेज, ओडिशा की एक्ट्रेस ने छत्तीसगढ़ी सिनेमा में की अदाकारी](#)

**For All Latest Updates** Follow Us

TAGGED: MANCHAHA CARPET COLLECTION | RAIPUR WEAVING | मनचाहा कारपेट कलेक्शन | जयपुर रग्स | CARPET COLLECTION OF PRISONERS

## ABOUT THE AUTHOR

**ETV Bharat Chhattisgarh Team** Follow +

## संबंधित ख़बरें

टेमरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में छात्रों ने जड़ा ताला

3 Min Read | Jul 2, 2025

टॉर्च जलाकर पीसीसी अध्यक्ष ने ली बैठक, जानिए क्यों

4 Min Read | Jul 2, 2025

युक्तियुक्तकरण का विरोध, क्लास छोड़ शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

2 Min Read | Jul 2, 2025

जितने FIR करना है कर लो, जनता के लिए चक्काजाम करता रहूंगा: कांग्रेस विधायक

2 Min Read | Jul 1, 2025

## लेटेस्ट

July 2, 2025 at 10:39 AM IST - International
**पहलगाम हमले पर एकजुट हुए क्वाड मंत्री, आतंकियों को न्याय के कटघरे में लाने पर दिया जोर**

July 2, 2025 at 10:28 AM IST - State
**मेडिकल कॉलेज को मान्यता का मामला: राजस्थान समेत छह राज्यों में 40 ठिकानों पर CBI के छापे**

July 2, 2025 at 10:28 AM IST - Entertainment
**कन्नप्पा बनाम मां बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 5: 'मां' के सामने धराशायी हुई 'कन्नप्पा', जानें विष्णु मांचू और काजोल की फिल्मों का कलेक्शन**

July 2, 2025 at 10:25 AM IST - Business
**सेविंग अकाउंट में मिनिमम बैलेंस रखने की टेंशन खत्म, नया नियम लागू**

July 2, 2025 at 10:25 AM IST - State
**राजस्थान के 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, अब तक पिछले साल से 104 मिमी ज्यादा बरसे बादल**

## ख़ास ख़बरें

भारत
इस दिन शुरू होगा जनगणना का पहला चरण, सर्वे में पूछे जाने वाले सवालों की लिस्ट तैयार
June 29, 2025 at 4:16 PM IST

बिजनेस खबरें
8वां वेतन आयोग: पेंशनर्स के लिए राहत! तीन साल पहले ही मिल सकती है कम्यूटेड पेंशन
June 29, 2025 at 7:50 PM IST

धर्म
तुलसी का पौधा रखने के लिए कौन सी दिशा है सही, जानें सही डायरेक्शन
June 29, 2025 at 6:07 PM IST

लाइफ़स्टाइल
अगर आप चाहते हैं कि आपकी "रोटी" घंटों तक नरम बनी रहे, तो इन टिप्स को जरूर करें फॉलो
July 1, 2025 at 8:42 PM IST

## Quick Links / Policies

CONTACT US
PRIVACY POLICY
ABOUT US
CODE OF ETHICS
AUTHORS
TERMS & CONDITIONS

## Featured

हाथ में डंडा, मुंह में सीटी, मन में आत्मविश्वास, महिला कमांडो को देख छूट जाते हैं पसीने

नक्सलगढ़ में बच्चों की कामयाबी, गांव के पहले डॉक्टर बनेंगे रत्ना और संतोष

35 सौ साल पुराने पत्थरों का रहस्य, पांच हजार शव दफन होने का दावा, खुदाई में मिले हैं सोने के सिक्के

अंधी मछलियों का ठिकाना है यहां, गुफा 4 महीने के लिए क्यूं हो जाती है बंद

Copyright © 2025 Ushodaya Enterprises Pvt. Ltd.,
All Rights Reserved.